राजस्थान सरकार

न्यायालय प्रथम अपील प्राधिकारी (जिला कलक्टर), बालोतरा

पीठासीन अधिकारी : सुशील कुमार, आई०ए०एस०

सूचना का अधिकार प्रार्थना पत्र 12/2025

अपीलांटः–

1. श्री खेमसिंह जोधा ग्राम पोस्ट शिकारपुरा, तहसील लूणी, जिला जोधपुर।

बनाम

रेस्पोडेंटः –

अतिरिक्त जिला कलक्टर, बालोतरा

आदेश

दिनांक 12.03.2025

अपीलार्थी श्री खेमसिंह जोधा ग्राम पोस्ट शिकारपुरा, तहसील लूणी, जिला जोधपुर ने यह प्रथम अपील अप्रार्थी अतिरिक्त जिला कलक्टर बालोतरा के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 19(1) के अन्तर्गत इस कार्यालय में दिनांक 25.02.2025 को प्रस्तुत की गई है। अपीलीर्थी द्वारा अधीनस्थ राज्य लोक सूचना अधिकारी के समक्ष प्रार्थना पत्र व्यक्तिशः उपस्थित होकर/पंजीबद्ध डाक/ऑनलाईन प्रस्तुत कर उनके कार्यालय से संबंधित सूचना चाही गई। राज्य लोक सूचना अधिकारी द्वारा निर्धारित समयावधि के भीतर वांछित सम्पूर्ण सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है, फलस्वरूप यह प्रथम अपील प्रस्तुत की गई है। अपील के संलग्न राज्य लोक सूचना अधिकारी को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अपीलार्थी की अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर रेस्पोडेंट राज्य लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर, बालोतरा को जरिये नोटिस मय अपील की प्रति भिजवाते हुए टिप्पणी रिपोर्ट चाही गई। रेस्पोडेंट द्वारा निर्धारित सुनवाई तिथी को उपस्थित हुए जवाब/टिप्पणी प्रस्तुत की गई।

रेस्पोडेंट द्वारा जवाब प्रस्तुत करते हुए कथन किया कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना हेतु प्रार्थी को निर्धारित शुल्क जमा करवाने हेतु कार्यालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, बालोतरा के पत्रांक/लो.सू.अ./2025/22 दिनांक 16.01.2025 को जरिये रजिस्टर्ड डाक भिजवाई गई है। बावजुद सूचना आज दिनांक तक अपीलार्थी द्वारा निर्धारित शुल्क जमा नहीं करवाई गई। अपीलार्थी निर्धारित शुल्क जमा करवाकर कार्यालय में उपलब्ध सूचना कार्यालय समय में सूचना प्राप्त कर सकता है। अतः अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील को निस्तारित की जाये।

हमने प्रस्तुत अपील एवं रेस्पोडेंट की ओर से जवाब का अवलोकन किया, जिससे यह पाया जाता है कि अपीलांट द्वारा वांछित सूचना हेतु प्रार्थी को निर्धारित शुल्क जमा करवाने हेतु कार्यालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, बालोतरा के पत्रांक/लो.सू.अ./2025/22 दिनांक 16.01.2025 को जरिये रजिस्टर्ड डाक भिजवाई गई है। बावजुद सूचना आज दिनांक तक अपीलार्थी द्वारा निर्धारित शुल्क जमा नहीं करवाई गई। अपीलार्थी निर्धारित शुल्क जमा करवाकर कार्यालय में उपलब्ध सूचना कार्यालय समय में सूचना प्राप्त कर सकता है, होना बताया गया। अपीलार्थी निर्धारित शुल्क जमा करवाते हुए चाही गई सूचना कार्यलय में उपलब्ध अनुसार प्राप्त कर सकता है। लिहाजा प्रस्तुत अपील के तथ्यों के अवलोकन एवं विवेचन उपरान्त अपीलार्थी की यह अपील सारहीन होने से खारिज योग्य है।

अतः अपीलार्थी की यह अपील सारहीन होने से खारिज की जाती है। पत्रावली निर्णय शुमार होकर नंबर से कम हो। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं अधीनस्थ राज्य लोक सूचना अधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित हो।

आदेश आज दिनांक 12.03.2025 को न्यायालय में सुनाया गया।

(सुशील कुमार)
प्रथम अपील प्राधिकारी
जिला कलक्टर, बालोतरा

जिला कलक्टर
बालोतरा